Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to appoint a Nodal Officer for Aspirational Districts- laid

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): भारी उद्योग तथा सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय आकांक्षी जिलों में विकास के लिए केन्द्रिय सार्वजनिक उद्यमों के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व कार्यक्रम चला रहा है । नीति आयोग 112 आकांक्षी जिलों में हितधारकों के साथ काम कर रहा है । मेरे संसदीय क्षेत्र जहानाबाद में गया जिले का अतरी विधानसभा क्षेत्र आता है जिसमें चार प्रखंड हैं । गया जिला एक आकांक्षी जिला घोषित है । नीति आयोग इस कार्यक्रम को चलाने के लिए एक नोडल एजेंसी है, जो केंद्र सरकार, राज्यों और जिला स्तर की विभिन्न एजेंसियों के बीच सहयोग कर रही है । मैंने क्षेत्र के सांसद होने के नाते पत्र के माध्यम से आकांक्षी जिला गया (बिहार) एवं नीति आयोग से सी.एस.आर. फण्ड की जानकारी देने की मांग की परंतु कोई भी विभाग चाहे नीति आयोग हो या जिला प्रशासन, मुझे आकांक्षी जिले के सी.एस.आर. फण्ड की जानकारी नही दे पाया है । मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि आकांक्षी जिलों के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें और सीएसआर फण्ड की जानकारी जन-प्रतिनिधियों को देना सुनिश्चित करें ताकि कार्यों को गति मिले और कार्यक्रमों में पारदर्शिता बनी रहे । _______

माननीय सभापति : शून्य काल ।

श्री भागीरथ चौधरी जी ।